an>

Title: Need to provide rail connectivity in Sirohi district headquarters in Rajasthan.

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर) ः मेरे संसदीय क्षेत्र सिरोही जिला केंद्र आज़ादी के 65 वर्षों के बाद भी रेलवे नेटवर्क से नहीं जुड़ पाया है। इसके लिए पूर्व में सर्वे कार्य भी हो चुका है जिसके तहत सिरोही को जालौर से रेलवे से जोड़े जाने का प्रस्ताव है। लेकिन आज तक यह योजना मूर्तरूप नहीं ले पायी है। सिरोही वासियों को आज तक रेलवे नेटवर्क से जुड़ने का इंतजार है। अतः मेरा आग्रह है कि सिरोही जिला केंद्र को मारवाड़ बागरा और पिण्डवारा के मार्ग से रेलवे नेटवर्क से जोड़ा जाए, जिससे इस रेलवे मार्ग से सभी प्रमुख 72 जैन तीर्थ, जीनालय, सुंधामाता मंदिर, जिरावल, पावापुरी, जसवंतपुरा अभ्यारण्य, भैरोगढ़ आदि जुड़ जाएगा। जालोर-सिरोही के प्रमुख रिको औद्योगिक क्षेत्र मंदार रेवदर स्वरूपगंज के साथ-साथ सिरोही जिला केंद्र आदि प्रमुख क्षेत्रों को यह रेल मार्ग कवर करेगा। इससे यहां की जनता को काफी सुविधा होगी तथा साथ ही साथ रेलवे के आय में अत्यधिक वृद्धि होने की संभावना है। सिरोही में रेलवे स्टेशन होने से जिले में पर्यटन एवं औद्योगिकीकरण के साथ-साथ रोज़गार के अवसर भी उपलब्ध होंगे।